आपूर्तिकर्ता आचार संहिता

कूपर स्टैण्डर्ड में हम, हम जो बनाते हैं उससे अधिक हैं। बोर्ड रूम से खाने के कमरे तक, हमारे मूलभूत मूल्य कंपनी का हृदय और उसकी आत्मा है। विविधतापूर्ण प्रतिभा, सत्यनिष्ठा, समुदाय में साझेदारी, संपूर्ण सुरक्षा की संस्कृति, गुणवत्ता और निरंतर सुधार कूपर स्टैण्डर्ड में केवल कागज़ पर लिखे शब्द नहीं हैं: यह हमारा काम करने का तरीका है, हर रोज, हर जगह।

कूपर स्टैण्डर्ड अपने सभी आपूर्तिकर्ताओं से जिम्मेदार आपूर्ति श्रृंखल□ रीतियों का उपयोग करने की और इस आपूर्तिकर्ता आचार संहिता (इस "Code"(संहिता)).का अनुपालन करने की अपेक्षा करता है।. इस संहिता के प्रावधान किसी भी आपूर्तिकर्ता और कूपर स्टैण्डर्ड या उसकी किसी भी अनुषंगी कंपनी या सहयोगियों के बीच किये गये कानूनी अनुबंध या संविदा के उपरांत है, उसके स्थान पर नहीं। हम आपूर्तिकर्ताओं से अपनी आपूर्ति श्रृंखला, जिसमें उनके उप-ठेकेदार, तृतीय पक्ष श्रमिक एजेन्सियां और कोई भी संविदा पर रखे या मौसमी कर्मचारी शामिल हैं, से इस संहिता में बताए गये मानकों के अनुसार काम कराने की अपेक्षा करते हैं। यह संहिता आपूर्तिकर्ताओं, उपठेकेदारों, उनके संबंधित कर्मचारियों या किसी भी अन्य पक्ष के लिए किसी भी तृतीय पक्ष लाभार्थी अधिकार या लाभ का निर्माण नहीं करती है।

कूपर स्टैण्डर्ड अपने व्यापारी प्रचालनों में कानून का सम्मान करता है और अपने सभी आपूर्तिकर्ताओं से भी उनके संबंधित व्यापारों और उनके हमारे साथ, हमारी अनुषंगी कंपनियों के साथ या हमारी सुविधाओं के साथ के कार्यों पर लागू होने वाले कानूनों का अनुपालन करके ऐसा ही करने की अपेक्षा करते हैं। यदि कानूनी आवश्यकता और इस संहिता के मानकों में कोई संघर्ष हो, त□ प्रत्येक आपूर्तिकर्ता को उच्चतर मानक को पूरा करना होगा।

सत्यनिष्ठा

कूपर स्टैण्डर्ड के लिए काम करने वाले और व्यापार करने वाले प्रत्येक व्यक्ति सत्यनिष्ठा से काम करने की, सही निर्णय लेने की, और वह जहाँ पर काम करते हों उन देशों और क्षेत्राधिकारों के लागू कानूनों और नियमों के अनुपालन में सही कार्रवाई करने की अपेक्षा की जाती है। हरेक आपूर्तिकर्ता के लिए कूपर स्टैण्डर्ड द्वारा ऐसा करने की माँग करने पर इस संहिता के अनुपालन का प्रदर्शन करना और किसी भी गैर-अनुपालन को ठीक करना अनिवार्य है। कूपर स्टैण्डर्ड, उसकी अनुषंगी कंपनियाँ और उसकी सहयोगी कंपनियाँ किसी भी आपूर्तिकर्ता के इस संहिता के अनुपालन का लेखा परीक्षण करे और जो आपूर्तिकर्ता इस संहिता का अनुपालन प्रदर्शित न कर सकें या न करें उनके साथ के किसी भी अनुबंध को समाप्त करने का अधिकार आरक्षित रखता है।

भ्रष्टाचार-रोधी और रिश्वत-रोधी: आपूर्तिकर्ता सभी भ्रष्टाचार-रोधी और रिश्वत-रोधी कानूनों का पालन करेंगे, जिसमें U.S. Foreign Corrupt Practices Act (यू.एस फॉरेन करप्ट प्रैक्टिसिस एक्ट - अमेरिकी विदेशी भ्रष्ट रीति कानून) शामिल है। विशेष रूप से, कोई भी आपूर्तिकर्ता कोई भी रिश्वत, प्रत्याधक्रका, अनुग्रह या कोई भी मूल्यवान वस्तु स्वीकार नहीं कर सकते; ज़बर्दस्ती वसूली या गबन में हिस्सा नहीं ले सकते; या सरकारी अधिकारियों से व्यवहार करते समय या किसी भी व्यापारी व्यवस्था में अनुचित प्रभाव का उपयोग नहीं करेंगे ताकि आपको कोई अयोग्य लाभ हो। इसके अलावा, आपूर्तिकर्ताओं द्वारा कूपर स्टैण्डर्ड कर्मचारियों को ऐसे उपहार देने का प्रस्ताव करना प्रतिबंधित है, जिनसे कूपर स्टैण्डर्ड के व्यावसायिक निर्णयों पर अयोग्य प्रभाव डाला जा सके या अयोग्य लाभ प्राप्त किया जा सके।

बहीखाते और रिकॉर्ड: आपूर्तिकर्ता सटीक और पारदर्शी आर्थिक बहीखाते, व्यावसायिक रिकॉर्ड और लेखा बनाए रखेंगे।

गैर-प्रतिशोध: आपूर्तिकर्ता कूपर स्टैण्डर्ड के लिए काम करने के दौरान जानकारी में आए अनुपालन या नैतिकता संबंधी मामलों की रिपोर्ट करने वाले, या सद्भावना से किसी शिकायत की जाँच में सहयोग करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ प्रतिशोध को प्रतिबंधित करेंगे।

संघर्ष खनिज: ऊर्ध्व प्रवाही आपूर्ति श्रृंखला अनुपालन का आकलन सुविधाजनक बनाने के लिए, आपूर्तिकर्ताओं को कूपर स्टैण्डर्ड, उसकी अनुषंगी कंपनियों और उसके सहयोगियों को प्रदान किये जाने वाले ऐसे किसी भी उत्पाद या सेवाओं के साथ जुड़े हुए मूल उत्पत्ति स्थान तक की जानकारी प्रदान कर पाना चाहिए, जिन में टिन, टंग्स्टन, टैन्टेलम, स्वर्ण या अन्य सामग्री या उससे व्युत्पन्न कोई चीज़ हो, जिन्हें यू.एस स्टेट डिपार्टमेन्ट द्वारा "conflict mineral" (संघर्ष खनिज) घोषित किया गया हो। अधिक विशेष रूप से, आपूर्तिकर्ताओं को अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं से न्यायोचित सम्यक तत्परता करनी होगी, ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि संघर्ष खनिजों को कॉन्गो जनतंत्र गणराज्य ("DRC") या उसके निकटवर्ती किसी देश (जिसे संयुक्त रूप से "Conflict Region" (संघर्ष क्षेत्र) कहा जाता है) उसके बाहर से या अगर संघर्ष क्षेत्र के भीतर से इसे प्राप्त किया गया हो, तो यह ऐसी खानों और प्रगालकों से प्राप्त किया गया हो, जिन्हें किसी स्वतंत्र तृतीय पक्ष द्वारा DRC संघर्ष मुक्त के रूप में प्रमाणित किया गया हो। आपूर्तिकर्ता के पास इस समय यह क्षमता न हो, तो उस सीमा तक, ऐसे आपूर्तिकर्ता से भविष्य में ऐसा करने की उसकी योजना के प्रकटन की आवश्यकता है। आपूर्तिकर्ता माँग किये जाने पर कूपर स्टैण्डर्ड से सभी प्रकटन समय पर करेगा।

गोपनीयता और डेटा की सुरक्षा: आपूर्तिकर्ता हमारी जानकारी को उसे सुरक्षित रख कर उसकी सुरक्षा करेंगे (चाहे कागज़ में हो, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में हो या अन्य मीडिया में हो), उस तक पहुँच सीमित बनाएंगे और उसके बारे में चर्चा करने या ऐसी जानकारी को सार्वजनिक स्थानों पर प्रकट करने से दूर रहेंगे, हमारे व्यावसायिक संबंध के समाप्त होने के बाद भी।

रिपोर्ट करना: आपूर्तिकर्ता कार्यस्थल संबंधी शिकायतों की रिपोर्ट की व्यवस्था के लिए आंतरिक कार्यक्रम, प्रक्रियाएं और कार्यविधियाँ बनाएंगे, जिसमें अनाम रिपोर्ट शामिल है। आपूर्तिकर्ता कानून या इस संहिता के किसी भी संदिग्ध उल्लंघन की तुरंत कूपर स्टैण्डर्ड को सूचना देंगे। इसमें आपूर्तिकर्ता या कूपर स्टैण्डर्ड की ओर से काम कर रहे किसी कर्मचारी या एजेन्ट द्वारा वास्तविक या संदिग्ध उल्लंघन शामिल हैं। अनाम रूप से किसी चिंता की रिपोर्ट करने क□ लिए यहाँ जाएं https://secure.ethicspoint.com/domain/media/en/gui/13016/index.html जहाँ ऑनलाइन और अंतर्राष्ट्रीय टेलीफोन दोनों विकल्प उपलब्ध हैं। आपूर्तिकर्ता और उनके कर्मचारी कूपर स्टैण्डर्ड से ethicsandcompliance@cooperstandard.com पर भी संपर्क कर सकते हैं।

मानव अधिकार

कूपर स्टैण्डर्ड अपने प्रत्येक आपूर्तिकर्ता से अपेक्षा करता है कि वह अपनी गतिविधियाँ अंतर्राष्ट्रीय श्रम संस्थान की 1998 के मूलभूत सिद्धांतों और कार्यस्थल पर अधिकारों की घोषणा और संयुक्त राष्ट्र संघ की वैश्विक मानव अधिकार घोषणा के अनुसार अपनी गतिविधियाँ करे।

बेगारी: आपूर्तिकर्ता गुलामी, बेगारी, बंधुआ, करारबद्ध या अनैच्छिक श्रम क किसी भी रूप में उपयोग नहीं करेंगे। आपूर्तिकर्ता मानव तस्करी या शोषण या गुलामी या मानव तस्करी द्वारा कलंकित आयाती सामान का उपयोग नहीं करेंगे। आपूर्तिकर्ता नियुक्ति की शर्तों के रूप में शुल्क दिया जाने या सरकार द्वारा जारी पहचान पत्रों, पासपोर्ट या वर्क परमिट के जमा कर दिये जाने की माँग नहीं करेंगे।

बाल मज़दूरी: आपूर्तिकर्ता सुनिश्चित करेंगे कि उनके माल या सेवाओं की अधिप्राप्ति, उत्पादन या वितरण में किसी भी अल्पायु श्रमिक का उपयोग न किया गया हो। आपूर्तिकर्ता 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों को या जहाँ स्थानीय कानून इसकी अनुमति देता है, 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को काम पर नहीं रखेंगे।

संगठन की स्वतंत्रता और संयुक्त सौदेबाज़ी: आपूर्तिकर्ता कर्मचारियों के कानून द्वारा अनुमत हो ऐसे और सभी लागू कानूनों और विनियमों के अनुसार, किसी समूह के साथ संगठित होने या न होने के अधिकार को स्वीकार कर के उसका सम्मान करेंगे।

रोजगार की स्थिति: आपूर्तिकर्ता केवल उन कर्मचारियों को नियुक्त करेंगे जिनके पास उनके स्थान और सुविधा में काम करने के लिए कानूनी अधिकृति है और उपयुक्त दस्तावेजों से कर्मचारियों की काम की पात्रता का सत्यापन करने की जिम्मेदारी उनकी है।

भेदभाव रोधी और न्यायपूर्ण व्यवहार: आपूर्तिकर्ता एक विविधतापूर्ण कार्यबल को प्रोत्साहित करेंगे और कर्मचारियों से न्यायपूर्ण, गरिमापूर्ण और सम्मान भरा व्यवहार करेंगे। कोई गैरकानूनी भेदभाव, उत्पीड़न या किसी तरह का दुर्व्यवहार नहीं होगा।

वेतन और लाभ: आपूर्तिकर्ता कर्मचारियों को प्रतिफल प्रदान करेंगे, जिसमें वेतन, ओवरटाइम भुगतान, प्रीमियम भुगतान और न्यूनतम कानूनी मानकों को पूरा करने वाले या उन से बेहतर लाभ शामिल होंगे। आपूर्तिकर्ता बिना भेदभाव के कर्मचारियों को समान काम के लिए समान भुगतान करेंगे। आपूर्तिकर्ता कर्मचारियों को समय पर भुगतान करेंगे और अनुशासन के कारणों से वेतन से कोई कटौती नहीं करेंगे।

संपूर्ण सुरक्षा की संस्कृति और कॉर्पोरेट दायित्व

हम एक सुरक्षित और सम्मान भरे वातावरण को सुनिश्चित करते हैं, जिसमें पर्यावरण की दृष्टि से जिम्मेदारी भरी सामग्री, उत्पाद और प्रक्रियाएं शामिल हों।

स्वास्थ्य और सुरक्षा: आपूर्तिकर्ता कर्मचारियों को एक सुरक्षित, सम्मान भरा और स्वच्छ और स्वस्थ कार्य वातावरण प्रदान करेंगे। विस्तृत स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन रीतियों और कार्य विशेष से संबंधित जोखिमों के आकलन, जोखिम के प्रबंधन,और सुरक्षा प्रशिक्षण को अपने व्यवसाय में समेकित करना प्रत्येक आपूर्तिकर्ता की जिम्मेदारी है। आपूर्तिकर्ता कर्मचारियों को काम करने से इन्कार करने का और असुरक्षित या अस्वास्थ्यकर कार्य स्थितियों की रिपोर्ट करने का अधिकार देंगे। प्रत्येक आपूर्तिकर्ता इस क्षेत्र में लागू कानूनों और औद्योगिक मानकों को पूरा करेंगे या उससे बेहतर व्यवस्था करेंगे। आपूर्तिकर्ता कार्यस्थल सुरक्षा में निरंतर सुधार के लिए एक कार्यक्रम बनाएंगे। आपूर्तिकर्ता केवल ऐसे उत्पाद और सेवाएं प्रदान करेंगे, जो सुरक्षित और सभी लागू स्थानीय और राष्ट्रीय कानूनों के अनुपालन में हों।

पर्यावरण: आपूर्तिकर्ता अपनी सुविधाओं के पर्यावरण पर प्रभाव का प्रबंधन करेंगे, उसका मापन करेंगे और उसे न्यूनतम करने का प्रयास करेंगे और हवा के निस्सारण; अपशिष्ट में कमी, पुनःप्राप्ति और प्रबंधन, पानी के उपयोग और निपटान; ऊर्जा के उपयोग; और ग्रीनहाउस गैसों के निस्सारण में निरंतर सुधार प्रदर्शित करेंगे।

रासायनिक अनुपालन: आपूर्तिकर्ता ऐसे कार्यक्रम जारी रखेंगे, जिनसे वे प्रत्येक लागू रसायन संबंधी कानून की आवश्यकताओं को पूरा करते हों, जैसे कि यूरोप के REACH और RoHS और ऑटोमोबाइल उद्योग की अंतर्राष्ट्रीय सामग्री डेटा प्रणाली।

नीचे हस्ताक्षर कर के आप इस बात के लिए सहमत होते/होती हैं, कि आपने यह आपूर्तिकर्ता आचार संहिता पढ़ी है और उसकी शर्तों का पालन करने को सहमत हैं।

आपूर्तिकर्ता कंपनी का नाम: ______________________________

कंपनी के प्रतिनिधि के हस्ताक्षर: ______________________________

कंपनी के प्रतिनिधि का नाम (प्रिंट किया हुआ): ______________________________

तिथि: ______________________________